# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| **Class: VI( 2nd lang.)** | **Department: Hindi** | |
|---|---|---|
| पाठ- **रहीम के दोहे** | Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

पाठ – *7* – **रहीम के दोहे**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर-**

प्रश्न 1- 'जहाँ काम आवै सुई कहा करे तरवारि' का आशय है-
उत्तर - तलवार और सुई दोनों का अपनी-अपनी जगह महत्व है।

प्रश्न 2- 'रहीम के दोहे' के अनुसार वृक्ष की विशेषता क्या होती है?
उत्तर - 'रहीम के दोहे' के अनुसार वह कभी अपने फल नहीं खाता।

प्रश्न 3- सज्जन धन संचय किसलिए करते हैं?
उत्तर - सज्जन धन संचय दूसरों की भलाई के लिए करते हैं।

प्रश्न 4- रहीम ने किस धागे को न तोड़ने के लिए कहा है?
उत्तर-रहीम ने प्रेम रूपी धागे को न तोड़ने के लिए कहा है।

प्रश्न 5 - रहीम ने कैसी विपदा को सही कहा है?
उत्तर - रहीम ने थोड़े दिनों की विपदा को सही कहा है।

प्रश्न 6- 'रहीम के दोहे' के अनुसार जीभ किसके भीतर रहती है?
उत्तर – 'रहीम के दोहे' के अनुसार जीभ मुँह के भीतर रहती है

प्रश्न 7- सच्चे मित्र को कब परखा जा सकता है?
उत्तर - सच्चे मित्र को विपत्ति आने पर परखा जा सकता है।

**लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर-**

प्रश्न -1 रहीम ने थोड़े दिनों की विपदा को 'भली' क्यों कहा है?
उत्तर- रहीमदास ने थोड़े दिन की विपदा को 'भली' कहा है क्योंकि उस दौरान मनुष्य को यह पता चल जाता है कि संसार में कौन हमारा हितैषी है और कौन अहितैषी।

प्रश्न -2 संपत्ति होने पर लोगों का व्यवहार हमारे प्रति कैसे होता है?

उत्तर- हमारे पास संपत्ति होने पर लोगों का व्यवहार बहुत अच्छा रहता है। बहुत से लोग कई तरीकों से हमारे बन जाते हैं लेकिन उनकी असली पहचान संपत्ति न रहने पर होती है।

प्रश्न-3 प्रकृति हमें क्या सीख देती है? रहीमदास के दोहे के आधार पर बताइए ।

उत्तर- प्रकृति हमें परोपकार करने की सीख देती हैं जैसे – वृक्ष अपने फल नहीं खाते, सरोवर अपना जल नहीं पीते, ऐसे ही हमें भी अपना जीवन दूसरों की सहायता करके जीना चाहिए।

प्रश्न- 4 हमें अपनी जिह्वा से सोच-समझकर क्यों बोलना चाहिए?

उत्तर- हमें अपनी जिह्वा से सोच-समझकर बोलना चाहिए क्योंकि यदि हम बिना सोचे-समझेकुछ बोल देते हैं तो कई बार दूसरे को बुरा लग जाता है और हमें पछताना पड़ता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर**

प्रश्न - 1 रहीम ने सुई और तलवार के उदाहरण किस संदर्भ में दिए हैं?

उत्तर- रहीमदास का मानना है कि हमें प्रत्येक वस्तु को या मनुष्य को समान महत्त्व देना चाहिए। क्योंकि एक का स्थान दूसरा नहीं ले सकता जैसे सुई कपड़े सिलने के काम आती है और तलवार युद्ध में। इन दोनों का प्रयोग एक-दूसरे के स्थान पर नहीं किया जा सकता।

प्रश्न-2 हमारे जीवन में पानी का अत्यधिक महत्त्व है क्यों और कैसे?

उत्तर- हमारे जीवन में पानी का बहुत महत्त्व है। इसे बनाए रखना चाहिए। यदि पानी न हो तो मोती का कोई महत्व न रहेगा। पानी अर्थात चमक के बिना मोती बेकार है, पानी अर्थात सम्मान के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है और जल के बिना आटे की रोटी नहीं बन सकती और चूना अपनी सफ़ेदी भी पानी के बिना नहीं देता ।

शब्दार्थ : बड़ेन – बड़ा big लघु- छोटा -small डारि – डालना। सुई – needle तरवारि- तलवार -sword।तरुवर- वृक्ष-tree खात-खाते – eat । सरवर सरोवर-pond । पियत – पीते drink । पान – पानी water । हित- भलाई welfare ,benefit । संपति- धन- – दौलत wealth। सचहिं- एकत्रित करना collection। सुजान – बुद्धिमान wise intelligent छिटकाय चटका कर scattered ,to be spread। गाँठ-knot पानी- चमक shine, सम्मान respect मानुष- मनुष्य human **विपदा** – विपत्ति, आफत , दुःख, शोक या संकट, problem , भली- अच्छी good जिह्वा – जीभ tongue । बावरी – पागल । भीतर – अंदर inside कसौटी – परखना touchstone , to test ।

व्याकरण भाग – Grammar

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों से अनेकार्थी शब्द बनाइए:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | हार | - | माला | , | हारना |
| 2 - | गुरु | - | शिक्षक | , | भारी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 - | दल | - | समूह | , पत्ता |
| 4 - | आम | - | साधारण | , आम का फ़ल |
| 5 - | कनक | - | सोना | , गेंहूँ |
| 6 - | अमर | - | देवता | , जो कभी न मरे |
| 7 - | उत्तर | - | जवाब | , दिशा का नाम |

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 - | चोर | - | चोरी |
| 2 - | आप | - | आपा |
| 3 - | प्रभु | - | प्रभुता |
| 4 - | ईमानदार | - | ईमानदारी |
| 5 - | प्यासा | - | प्यास |
| 6 - | हारना | - | हार |
| 7 - | लिखना | - | लेख |
| 8 - | ठंडा | - | ठंडक |
| 9 - | हँसना | - | हँसी |
| 10- | जवान | - | जवानी |

प्रश्न-3- निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर लिखिए –

| | | |
|---|---|---|
| 1 - गौरी ने गीत गाया । | – | भूत काल |
| 2 - गीता ने कविता सुनाई। | – | भूत काल |
| 3 - नितिन चित्र बना रहा है। | – | वर्तमान काल |
| 4 - दुकान कल खुलेगी। | – | भविष्यत काल |
| 5 - नौकरानी कपड़े धोएगी। | – | भविष्यत काल |
| 6 - समुद्र में मछलियाँ तैर रही थीं। | – | भूत काल |
| 7 - मदन कहानी पढ़ रहा है। | – | वर्तमान काल |
| 8 - सोहन बगीचे में व्यायाम करता है। | – | वर्तमान काल |
| 9 - मोहिनी ने हिंदी गीत गाया । | – | भूत काल |
| 10 - सीमा आज सामान लाएगी । | – | भविष्यत काल |

*************